बाबा श्याम लिया अवतार

बाबा श्याम लिया अवतार
तर्ज़ : लेखक के प्रसिद्ध भजन धुन "मैं तेरे नचाय नाचूँ"

पदावली : बाबा श्याम अवतार लियो है, हो रही जय जयकार ।
अति सुन्दर दरबार सजा है, खाटू श्याम सरकार ॥
शीश मुकुट हथ मोर छड़ी है, सुन्दर हार श्रृंगार ।
“मधुप" श्याम की बांकी छटा पर, बार बार बलिहार ॥

बाबा श्याम लिया अवतार - अवतार
तिहुँ लोक बधाई बाज रही
आया कलयुग तारणहार - तारणहार
तिहुँ लोक बधाई बाज रही

1. बर्बरीक शीश का दानी,
   महा योद्धा वीर लासानी,
   बन गए खाटू सरकार - सरकार, तिहुँ लोक बधाई बाज रही ॥

2. रसलोना मधुर मन मोहना,
   बड़ा सुन्दर श्याम सलोना,
   लगे बिल्कुल कृष्ण मुरार मुरार, तिहुँ लोक बधाई बाज रही ॥

3. बाजत हैं अनहद बाजे,
   "मधुप” झूमे हर कोई नाचे,
   जयकारों की गुंजार - गुंजार, तिहुँ लोक बधाई बाज रही ॥

   स्वर: सिम्पी मेहता, दिल्ली

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण ‘मधुप’ (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36923/title/baba-shyam-liya-avtar-teeno-lok-badhayi-baaj-rahi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |